प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–07.08.2023 (सं0–365)

गत 02 वर्षों में साइबर अपराध की रोकथाम एवं जागरुकता हेतु आर्थिक अपराध इकाई के अन्तर्गत साइबर क्राइम सेल के द्वारा की गयी महत्वपूर्ण कार्रवाई तथा अर्जित उपलब्धियाँ :–

- आर्थिक अपराध इकाई राज्य में आर्थिक एवं साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाने एवं नियंत्रण हेतु राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी है।

नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल हेल्पलाइन नम्बर 1930 कॉल सेन्टर

- साइबर फ्रॉड से निपटने तथा लोगों की सहायता के लिए **नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल हेल्पलाइन नम्बर 1930 कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है जिसमें कुल 150 पुलिस पदाधिकारी/कर्मी 24X7 कार्यरत हैं।**
- **दिनांक 26.02.2023 से 24X7 पोर्टल प्रारम्भ हुआ।** तब से **अभी तक 15,61,58,553 (15 करोड़ 61 लाख 58 हजार 553) रुपये की राशि होल्ड करायी गयी है।** इसके पूर्व 4,93,97,745 (4 करोड़ 93 लाख 97 हजार 745) रुपये की राशि होल्ड करायी गयी थी। इस प्रकार **अभी तक इस पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी के शिकार हुये लोगों की 20,55,56,298 (20 करोड़ 55 लाख 56 हजार 298) रुपये की राशि होल्ड करायी गयी है।**
- साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित **962 प्राथमिकियाँ अंकित** की गयी हैं।
- NCRP पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में फ्रॉड किये जाने के लिए प्रयुक्त **4 हजार मोबाइल नम्बरों को ब्लॉक कराया गया** है।

Cyber Crime Prevention Against Women & Children (CCPWC)

- भारत सरकार के **Cyber Crime Prevention Against Women & Children (CCPWC)** योजना के अन्तर्गत महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित **बाल पोर्नोग्राफी/दुष्कर्म/सामुहिक दुष्कर्म से सम्बन्धित सामग्री का प्रसारण रोकते हुये, प्राप्त 5180 साइबर परिवाद के मामलों में आवश्यक कार्रवाई को गयी** इस सम्बन्ध में **11 प्राथमिकियाँ भी अंकित** की गयी।

साइबर पुलिस थाना

- साइबर अपराध की रोकथाम हेतु गृह आरक्षी विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना ज्ञाप0सं0–2/थाना–10–02/2023 गृ0आ0 6733, पटना, दिनांक 02.06.2023 के आलोक में बिहार के प्रत्येक जिला (रेल सहित) में साइबर पुलिस थाना की स्थापना करते हुये **कुल 44 साइबर थानों का सृजन** किया गया है।
- साइबर थानों के सृजन के उपरान्त **300 से अधिक प्राथमिकि अंकित की जा चुकी है।**
- साइबर अपराध पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन करते हुये अप्रैल 2021 से जुलाई 2023 तक विभिन्न श्रेणी के 502 पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

बिहार साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (Bihar Cyber Crime Co-ordination Center, B4C)

- राज्य स्तर पर बिहार साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की स्थापना करते हुये 49 पदों तथा क्षेत्रीय स्तर पर जिला साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की स्थापना करते हुये 365 पदों अर्थात कुल 405 पदों का सृजन किया गया।

आर्थिक अपराध इकाई के साइबर सेल द्वारा उद्भेदित किये गये कतिपय महत्वपूर्ण काण्ड

- साइबर तकनीकी सहायता दल द्वारा BPSC-2022 67वीं प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक काण्ड का सफल उद्भेदन।
- **आर्थिक अपराध इकाई थाना काण्ड संख्या–28/2022** यह काण्ड फिलपकार्ट से आईफोन के ऑडर्र करने के मामले में और डिलवरी तिथि को फर्जीवाड़ा कर असली आईफोन के बदले डमी आईफोन डिलवरी ब्यॉय को सौप कर धोखाधड़ी कर फिलपकार्ट कम्पनी को धोखा देने के मामले में दर्ज किया गया। आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के साइबर तकनीक सहायता दल के द्वारा फिलपकार्ट का डिलवरी वॉय बनकर उसको रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसके उपरान्त उसके घर से अनेक Original आईफोन, डमी आईफोन बरामद किया गया।
- **आर्थिक अपराध इकाई थाना काण्ड संख्या–38/2022** जन्म तिथि/ नाम बदल कर Bihar Board of Open Schooling and Examination में मार्क्स शीट में अंक बढ़ाकर जाली Certificate उपलब्ध कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।
- **आर्थिक अपराध इकाई थाना काण्ड संख्या–07/2023** रामनवमी के मौके पर दो संप्रदायों के लोगों के बीच आपसी मतभेद फैलाने की साजिश सोशल मीडिया एवं Whatsapp के माध्यम से किया गया था। इस सम्बन्ध में जाँच उपरान्त कई लागों को गिरफ्तार कर न्यायिक में भेजा दिया गया है।
- **आर्थिक अपराध इकाई थाना काण्ड संख्या–08/2023** Any desk app Download करवाकर एवं उनका OTP प्राप्त कर पीड़ित के मोबाइल सेट को हैक कर विभिन्न बैंकों का UPI Install कर पीड़ित के खातों से पैसा की अवैध निकासी कर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के विरुद्ध काण्ड अंकित कर अनुसंधान की गयी। जिसमें गया जिला से 09 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।
- **आर्थिक अपराध इकाई थाना काण्ड संख्या–10/2023** मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा Online Work करने का झांसा देकर Whatsapp/Telegram Messenger पर काम करने के बदले अच्छा इनकम देने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के संगठित गिरोह के विरुद्ध काण्ड अंकित कर अनुसंधान की गयी। जिसमें 08 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।
- वर्ष 2022 से अब तक विभिन्न काण्डों में 62, मोबाइल,10 पेन ड्रादव, 01 हार्ड डिस्क, 01 लैपटॉप एवं 03 NVR/DVR का Data Extract कर तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।

XXXXXXX